


# पंचदश बिहार विधान सभा

## तृतीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

संख्या-3

बुधवार, दिनांक- 20 जुलाई, 2011 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.30 बजे पूर्वाह्न तक ।

(माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही विपक्ष के माननीय सदस्यगण बियार्डा द्वारा आवंटित की गई जमीन की जाँच सी०बी०आई० से कराने की मांग को लेकर वेल में आ गये और नारेबाजी करने लगे ।)

[1] **प्रश्नोत्तर काल :**

(i) 01 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 02 अल्प सूचित प्रश्न अनागत ।

(iii) 04 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 03 तारांकित प्रश्न अपृष्ठ ।

(v) 140 तारांकित प्रश्न अनागत ।

इस बीच विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांग को लेकर नारेबाजी करते रहे । आसन द्वारा बार-बार अनुरोध के बाद भी सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सदन की कार्रवाई 12.00 बजे मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।

समय 12.00 बजे मध्याह्न से 12.20 बजे अपराह्न तक ।

[2] **कार्यस्थगन की सूचना**

माननीय सदस्य श्री राम लषण राम 'रमण' एवं श्री दिनेश कुमार सिंह के कार्यस्थगन की सूचना को नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

[3] **शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i). श्री प्रदीप कुमार
(ii). श्री विनोद प्रसाद यादव
(iii). श्री विजय कुमार सिंहा
(iv). श्रीमती अन्नु शुक्ला
(v). श्री रामायण मांझी
(vi). श्रीमती देवंती यादव
(vii). श्री अशोक कुमार सिंह
(viii). डॉ० रणविजय कुमार
(ix). श्री कृष्णनन्दन यादव
(x). श्री अरूण शंकर प्रसाद
(xi). डॉ० दाउद अली
(xii). श्री सचिन्द्र प्रसाद सिंह
(xiii). श्री प्रमोद कुमार
(xiv). श्रीमती भागिरथी देवी
(xv). श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिंहा

[4] **ध्यानाकर्षण सूचना :-**

(i) सर्वश्री अजीत कुमार एवं अन्य सभासदों की स्वास्थ्य विभाग से संबंधित दिनांक 19.07.2011 से स्थगित ध्यानाकर्षण सूचना के उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

(ii) सर्वश्री नौशाद आलम एवं अन्य सभासदों के ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ठ हुआ ।

(iii) सर्वश्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा एवं अन्य सभासदों के नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा द्वारा पढ़ा गया जिसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

[5] **सभा मेज पर कागजातों का रखा जाना :-**

(i) माननीय प्रभारी मंत्री वित्त विभाग द्वारा भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक का 31 मार्च, 2010 को अंत होने वर्ष का अंकेक्षण प्रतिवेदन (सिविल), अंकेक्षण प्रतिवेदन (राजस्व प्राप्ति) एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन (वाणिज्यक) को क्रमशः सदन पटल पर रखा गया तथा जनता में बिक्री का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जो सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

(ii) माननीय मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा बिहार विशेष न्यायालय अधिनियम, 2009 की धारा 5 (1) के अन्तर्गत निगरानी विभाग द्वारा निर्गत घोषणा से संबंधित ज्ञापांक 1296, दिनांक 09.03.2011 की प्रति को उक्त अधिनियम की धारा-25 के तहत् सदन पटल पर रखा गया ।

(iii) माननीय प्रभारी मंत्री पथ निर्माण विभाग द्वारा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के वर्ष 1994-95, 1995-96, 1996-97, 1997-98, 1998-99, 1999-2000 एवं 2000-01 का वार्षिक प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(इस दौरान अपनी मांग को लेकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण वेल में खड़े होकर नारेबाजी करते रहे ।)

(भोजनावकाश के बाद)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।

समय 2.00 बजे अपराह्न से 5.30 बजे अपराह्न तक ।

[6] **वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2011-12 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद तथा मतदान :-**

उर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा प्रस्तुत किया गया ।

(इस दरम्यान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए ।)

माननीय सदस्यों द्वारा एक भी कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया और अनुदान की मांग के मूल प्रस्ताव के पक्ष में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i). डॉ० अच्युतानंद

(इस दरम्यान वेल में नारेबाजी कर रहे विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी मांग के समर्थन में सदन से बहिर्गमन कर गए )

(ii). श्री रणविजय सिंह

(माननीय अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह ने आसन ग्रहण किया)

(iii). श्री विजय कुमार सिंहा
(iv). श्री प्रमोद कुमार
(v). श्री राजीव रंजन
(vi). श्री रामदेव महतो
(vii). श्री विनय कुमार सिंह
(viii). श्री जवाहर प्रसाद

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ix). श्री अनन्त कुमार सत्यार्थी
(x). श्री प्रदीप कुमार
(xi). श्री राम प्रवेश राय

(इस दरम्यान बिजली की मांग को लेकर वेल में बैठी माननीय सदस्या श्रीमती ज्योति रश्मि से आसन द्वारा बार-बार सीट पर जाने का अनुरोध किया जाता रहा, लेकिन वे लगातार वेल में बैठी रहीं ।)

माननीय प्रभारी मंत्री, उर्जा विभाग द्वारा सरकार की ओर से उत्तर दिया गया ।

उर्जा विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन द्वारा स्वीकृत हुआ । इसके बाद वित्तीय वर्ष 2011-12 के प्रथम अनुपूरक व्यय विवरणी में सम्मिलित शेष अनुदान की मांग बारी-बारी से मुखबंध (गिलोटिन) द्वारा सदन से स्वीकृत हुआ ।

[7] **राजकीय कार्य :- राजकीय (वित्तीय) विधेयक :- बिहार विनियोग (संख्या-3) विधेयक, 2011 :-**

माननीय प्रभारी मंत्री वित्त विभाग द्वारा सदन की अनुमति से विधेयक सदन में पुर:स्थापित हुआ तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव के स्वीकृति उपरांत खण्डश: विचार के क्रम में सभी खण्ड बारी-बारी से विधेयक के अंग बने ।

माननीय प्रभारी द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया । विधेयक सदन द्वारा ध्वनिमत से स्वीकृत हुआ ।

[8] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 33 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएँगे ।

तदुपरांत सभा की बैठक वृहस्पतिवार दिनांक 21.07.2011 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-20.07.2011

गिरीश झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।